**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- सतत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक बीटिंग रिट्रीट समारोह देश के साथ साथ द्वीप समूह में भी आयोजित किया गया।
- कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आर्थिक समीक्षा 2025–26 देश के समावेशी और सतत विकास को दर्शाता है।
- हम्फ्रीगंज स्थित राज्य शहीद स्मारक में कल बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस अगले महीने स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

सतत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक बीटिंग रिट्रीट समारोह नई दिल्ली के विजय चौक पर आयोजित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री इस समारोह में शामिल हुए। इसमें भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड द्वारा प्रस्तुति दी गई।

वहीं, श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम में भी बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में पुलिस, आर्मी व नेवी बैंड की प्रस्तुती दी गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि आर्थिक समीक्षा 2025–26 देश के समावेशी और सतत विकास को दर्शाता है। संवाददाता को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि यह समीक्षा मात्र आंकड़े नहीं है, बल्कि सरकार के प्रयासों और प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण क्षेत्र देश के विकास का इंजन हैं। श्री चौहान ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में देश

में कृषि विकास दर 4 दशमलव 4 प्रतिशत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

<><><><><><><>

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि श्रम बल सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से देश में रोज़गार की स्थिति में सुधार हुआ है। आज नई दिल्ली में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री नागेश्वरन ने कहा कि बेरोज़गारी दर तब के छह प्रतिशत से घटकर 2023–24 में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि महिला श्रम बल भागीदारी में लगभग 18 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। श्री नागेश्वरन ने कहा कि वर्ष के पहले नौ महीनों में बेरोज़गारी दर लगातार पांच दशमलव चार प्रतिशत से घटकर पिछली तिमाही में चार दशमलव नौ प्रतिशत हो गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष 2015 में शुरू किया था। इसके बाद से प्रगति ने प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के माध्यम से प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर, शासन व्यवस्था में परिवर्तन किया है। यह मंच सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह केंद्र सरकार, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ एक ही डिजिटल मंच पर लाता है। प्रगति ने एक दशक से अधिक समय से, निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने, प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान करने और जवाबदेही की मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायता की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि प्रमुख मुद्दों पर देवेगौड़ा के विचार सराहनीय हैं। उन्होंने राष्ट्र विकास में पूर्व प्रधानमंत्री के उत्साह की प्रशंसा की।

<><><><><><><>

हम्फ्रीगंज स्थित राज्य शहीद स्मारक में कल बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह आठ बजे स्मारक परिसर में स्थित बलिदान वेदी पर आयोजित होगा, जिसमें अमर शहीदों को नमन किया जाएगा। इसके पश्चात शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन

रखा जाएगा। 30 जनवरी उन्नीस सौ चवालीस को जापानी शाही सेना ने जासूसी के झूठे आरोपों में गिरफ्तार किए गए चवालीस निर्दोष द्वीपवासियों की इसी स्थान पर निर्मम हत्या कर दी थी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा आम नागरिक शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

<><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय सेना स्मृति समिति, श्री विजयपुरम द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर फ्लैग पॉइंट पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नेताजी को स्वाधीनता श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा द्वीप समूह और भारत की मुख्य भूमि से आए आई एन ए परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी सुद्धानंद सरस्वती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर क्रांति बॉयज़, हैड्डो द्वारा नेताजी के जीवन पर आधारित एकांकी नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी में भाषण और अल्फा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><>

विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस द्वारा आगामी 11 फरवरी को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को सचिवालय अपना स्थापना दिवस मनाता है, जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों के हिन्दी विद्वान भाग लेते हैं। यह संगोष्ठी "हिन्दी साहित्य पठन और लेखन" विषय पर आयोजित की जा रही है, जिसमें हिन्दी भाषा और साहित्य की वैश्विक प्रासंगिकता पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य कला परिषद के पूर्व साहित्य सचिव डॉ व्यासमणि त्रिपाठी को अतिथि वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है। वे संगोष्ठी में "हिन्दी साहित्य की प्रासंगिकता" विषय पर अपना विद्वत् वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भी करेंगे। विश्व हिन्दी सचिवालय भारत सरकार और मॉरीशस सरकार की एक द्विपक्षीय संस्था है, जिसकी स्थापना फरवरी 2008 में हुई थी। सचिवालय का उद्देश्य हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रोत्साहित करना तथा हिन्दी के वैश्विक प्रचार–प्रसार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ASMITA कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी को वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिपिघाट में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्व में स्थगित कर दी गई थी, जिसे अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जा रहा है। द्वीपसमूह की सभी इच्छुक महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नेशनल स्पोर्ट्स रजिस्ट्रेशन सिस्टम में पंजीकरण करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष, मंजू सिंह से मोबाइल नंबर 9679525733 पर संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**